



हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



• वर्ष : 8 • अंक 96 • 31 जुलाई, 2013 • मूल्य : 150/– वार्षिक



## गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर सभी समाजबंधुओं को हार्दिक बधाई


प्रदूषण मुक्त वातावरण व आधुनिक सुविधा युक्त नागौर की प्रथम आवासीय कॉलोनी
मानासर वैली
शीतला माता मन्दिर के पीछे
मानासर, नागौर (राज.)
नागौर सिटी रेलवे स्टेशन से
मात्र 2½ कि.मी. की दूरी पर
विशेषताएं :
जोधपुर नागौर हाइवे से निकटतम दूरी
नागौर शहर के नजदीक आवासीय क्षेत्र में स्थित
प्रस्तावित मेगा हाइवे के नजदीक
नागौर मास्टर प्लान द्वारा कन्वर्टेड रहवासीय कॉलोनी
भव्य मेन गेट
योजना के चारों ओर बाउण्ड्री वॉल
हरा भरा सुन्दर गार्डन व फुटपाथ
योजना में 40 व 30 फुट की चौड़ी डामर सड़के
योजना के मुख्य रोड पर डिवाइडर, रोड लाइटिंग एवं पेड़
योजना में अत्याधुनिक सुविधा युक्त विला
शॉपिंग सेन्टर एवं नागरिक सुविधाओं के लिए विशेष स्थान
सभी साईजों के प्लॉट
एवं आधुनिक सुविधा युक्त
विला (बंगला)
आज ही बुक करवाईये
प्लॉट
2499 /- प्रति गज
विला
29.50 लाख से शुरू
सम्पर्क सूत्र :
मनीष गहलोत : 9414475464
महेन्द्र परिहार : 9214029440
माताश्री बिल्डकॉन प्रा.लि.
22, हीरा बाग मार्केट, P.H.E.D. चौराहे के पास, नागौर (राज.) फोन : 9636498927

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 96 ● 31, जुलाई, 2013 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

**आवरण कथा**



# प्रतिनिधित्व देने पर समर्थन

**माली समाज महापंचायत समाज महापंचायत से प्रस्ताव पारित**
**महिला उत्थान व एकता पर दिया बल**

प्रतिनिधित्व देने पर समर्थन
गोपाल माली बने जिलाध्यक्ष
गीता को आत्मसात कर करेंगे गायों की रक्षा : श्री अशोक गहलोत
माली समाज सर्वोदय सोसायटी - परिहार
धूमधाम से मनाई लिखमीदास जी महाराज की जयंति
धूमधाम से मनाया रामेश्वर महादेव मंदिर का दसवां पाटोत्सव
कुशवाहा समाज के चुनाव संप
श्री सुनील परिहार बनें राजसिको अध्यक्ष समाज में हर्ष की लहर
गोपाल लाल माली बने राजपत्रित अधिकारी
माली समाज के युवा ललित पूरे देश में 13 वीं रेंक प्राप्त कर रचा इतिहास
समाजसेवी श्री बंशीलाल माली सम्मानित
श्री ओमप्रकाश माली संत श्री लिखमाराम फाउण्डेशन के अध्यक्ष मनोनीत
पंवार माली समाज चौताला के अध्यक्ष मनोनीत
भीलवाड़ा में प्रसिद्ध विद्वान आचार्य जी सम्मानित
सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह में 380 छात्र-छात्राएं सम्मानित
कॉमनवेल्थ में पदक विजेता अनुदान राशि को तरसा
बालोतरा नगर पालिका ने स्टेडियम का नाम महात्मा ज्योति बा फूले किया
श्री नरेश गहलोत बनें कर्मचारी संघ के अध्यक्ष
विविध समाचार
सरकारी सेवा से निवृत समाज सेवा में प्रवृत: श्री किशनलाल साँखला

# सम्पादक की कलम से ...



गुरू पुर्णिमा के पावन पर्व पर विश्व के समस्त गुरूजनों को मेरा शत् शत् नमन:। गुरू के महत्व को हमारी संभी संतो, ऋषियों एवं महान विभूतियों ने उच्च स्थान दिया है। संस्कृत में 'गु' का अर्थ होता है अंधकार (अज्ञान) एवं 'रू' का अर्थ होता है प्रकाश(ज्ञान) । गुरू हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते है।

हमारे जीवन के प्रथम गुरू हमारे माता-पिता होते है। जो हमारा पालन-पोषण करते हैं, सांसरिक दुनिया में हमें प्रथम बार बोलना, चलना और शुरूआती आवश्यकताओं को सिखाते है। अत: माता पिता का स्थान सर्वोपरी है। भावी जीवन का निर्माण गुरू द्वारा ही होता है।

मानव मन में व्याप्त बुराई रूपी विष को दूर करने में गुरू का विशेष योगदान है। महर्षि बाल्मिकी जिनका पूर्व 'रत्नाकर' था। वे अपने परिवार का पालन पोषण करने हेतु दस्युकर्म करते थे। महर्षि वाल्मिकी ने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की, ये तभी संभव हो सका जब गुरू रूपी नारद ने उनका ह्रदय परिर्वतित किया। पंचतंत्र की कथाएं हम सब ने पढ़ी या सुनी होगी। नीति कुशल गुरू विष्णु शर्मा ने किस तरह राजा अमरशक्ति के तीनों अज्ञानी पुत्रों को कहानियां एवं अन्य माध्यमों से उन्हें ज्ञानी बना दिया।

गुरू शिष्य का संबध सेतु के समान होता है। गुरू की कृपा से शिष्य के लक्ष्य का मार्ग आसान होता है। स्वामी विवेकानंद जी का बचपन से परमात्मा को पाने की चाह थी। उनकी ये इच्छा तभी पूरी हो सकी जब उनको गुरू परमहंस का आशीर्वाद मिला। गुरू की कृपा से आत्म साक्षात्कार हो सका। छत्रपति शिवाजी पर अपने गुरू समर्थ गुरू रामदास का प्रभाव हमेशा रहा।

गुरू द्वारा कहा एक शब्द या उनकी छवि मानव की कायापलट सकती है। मित्रों, कबीर दासजी को अपने गुरू के प्रति जो समर्पण था उसको स्पष्ट करना आवश्यक है क्योंकि गुरू के महत्व को सबसे ज्यादा कबीरदास जी के दोहों में देखा जा सकता है।

**गुरू गोविंद दोऊ, खड़े का के लागु पाँव, बलिहारी गुरू आपने गोविंद दियो बताय।**

गुरू का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ है। हमारे सभ्य सामाजिक जीवन का आधार स्तभ गुरू है। कई ऐसे गुरू हुए है जिन्होंने अपने शिष्य को इस तरह शिक्षित किया कि उनके शिष्यों ने राष्ट्र की धारा को ही बदल दिया।

गुरू हमारे अंतर मन को आहत किये बिना हमें सभ्य जीवन जीने योग्य बनाते है। दुनिया को देखने का नजरिया गुरू की कृपा से मिलता है। पुरातन काल से चली आ रही गुरू महिमा को शब्दों में दिखा ही नही जा सकता। संत कबीर भी कहते हैं कि -

**सब धरती कागज करू, लेखनी सब वनराज।**

**सात समुंद्र की मसि करू, गुरू गुंण लिखा न जाए।।**

गुरू पूर्णिमा के पर्व पर अपने गुरू को सिर्फ याद करने का प्रयास है। गुरू की महिमा बताना तो सूरज को दीपक दिखाने के समान है। गुरू की कृपा हम सब को प्राप्त हो।

**जय माली सैनी समाज**

## गुरु बिन ज्ञान न ....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# प्रतिनिधित्व देने पर समर्थन

## माली समाज महापंचायत समाज महापंचायत से प्रस्ताव पारित
## महिला उत्थान व एकता पर दिया बल




सुमेरपुर। मारवाड़ माली (सैनी) समाज राजनैतिक जागृति मंच सुमेरपुर (पाली) के तत्वाधान में आयोजित महापंचायत में जोधपुर संभाग के विभिन्न जिलों से हजारों की तादात में स्वजाति बन्धुओं ने भाग लेकर समारोह की शोभा बढ़ाई और समाज बन्धुओं ने एकता का परिचय देते हुए सभी प्रमुख राजनैतिक दलों को यह जता दिया कि माली समाज की उपेक्षा अब बर्दास्त नहीं की जायेगी। महापंचायत में उपस्थित हजारों स्वजाति बन्धुओं ने यह निर्णय लिया कि आणामी लोक सभा व विधानसभा चुनाव में समाज के लोगों को मौका देने वाले दल को समर्थन दिया जायेगा तथा समाज की एकता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाज के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत जोधपुर महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के मोती बाबा फूले राष्ट्रीय अध्यक्ष, गंगाराम गहलोत अहमदाबाद माली समाज जोधपुर के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार जोधपुर, रतन टांक, विजयसिंह सुथारों का गुण, भगवानाराम सांचौर, हरीश परिहार शिवगंज, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, शंकरलाल गहलोत आयुक्त जालोर, हिम्मत गहलोत, महेश परिहार, खुशबू माली, भगवती गोयल प्रकाश बी माली सिरोही, प्रताप परमार पोमालिया, पन्नालाल पालड़िया व रामेश्वरलाल तँवर जैतारण, महेन्द्र गहलोत बलूदा, अमराराम भाटी पूर्व उपप्रधान जैतारण बिरदाराम सैनी लाम्बिया आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

संत चेतन गिरीजी महाराज सोजत सिटी, संत पंछीदास घवली व संत शिवरामदास सुमेरपुर के सानिध्य आयोजित माली (सैनी) समाज महापंचायत में सभी वक्ताओं ने कहा कि राज्य भर में समाज के लोगों की संख्या लाखों मे है लेकिन माली समाज एकता के अभाव में राजनैकि क्षेत्र में आज भी समाज पिछड़ा हुआ है। दोनों प्रमुख पार्टियां समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दे रही है और समाज की राजनैतिक उपेक्षा कर रही है। माली बाहुल्य क्षेत्र वाली, जैतारण, बयावर, जालोर, सिरोही राजसमंद लोक सभा व विधानभा क्षेत्रों समाज के मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रही है लेकिन इन इलाकों में राजनैतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी नहीं है। राजनीति समाज परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है अब समाज का समय के साथ बदलना होगा और एक जुटता दिखानी होगी तभी राजनीतिक पर्टिया समाज के लोगों को गले लगायेगी अन्यथा समाज का शोषण होता रहेगा।

सभी वक्ताओं ने महिलाओं के उत्थान व सामाजिक एकता पर बल देते हुए मारवाड़ क्षेत्र में महापंचायत की पल करने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक भाटी सुमेरपुर सहित शिवगंज के समाज बन्धुओं का आभार जताया। आयोजन समिति अध्यक्ष दीपक भाटी ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जो दल समाज के लोगों को लोक सभा व विधान सभा में प्रतिनिधित्व देगे समाज उसी दल को अपना समर्थन देगा। सभा ने उपस्थित समाज बन्धुओं ने हाथ उठाकर ध्वनिमत से प्रस्ताव को पारित किया और सामाजिक एकता का संकल्प जताया। कार्यक्रम के अन्त में केदारनाथ तीर्थ स्थल पर प्रकृति के कोपभाजन बने दिवगंत आत्माओं की शान्ति के लिए परम् पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। मंच का संचालन भंवर परिहार वाली व एडवोकेट महेन्द्र गहलोत सुमेरपुर ने सामूहिक रूप से किय गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी स्वजाति बन्धुओं के लिए भोजन की व्यवस्था गंगारामजी गहलोत हिमतारामजी पुत्र स्व. श्री किस्तुरजी गहलोत सारड़ी हाल अहमदाबाद वालों की तरफ से की गई तथा नाश्तें की व्यवस्था भी आपकी

ओर से थी। समाज के राजनैतिक जागृति के लिए जैतारण में दिनांक 2 दिसम्बर 12 को राजस्थान माली (सैनी) जागृति संस्थान जैतारण के तत्वाधान में आयोजित माली (सैनी) जन प्रतिनिधि दिपावली स्नेह मिलन आयोजन में जैतारण विधान सभा क्षेत्र के पूर्व एवं वर्तमान वार्ड पंच पार्षद से लेकर न.पा. अध्यक्ष, प्रधान तक के सदस्य आदि जन प्रतिनिधि थे।

सभी ने एक राय से माली समाज के व्यक्ति को लोक सभा व विधान सभा में दोनों प्रमुख दलों से प्रतिनिधि देने का भी प्रस्ताव सर्व सहमति से पास किया गया । दिनांक 26.6.13 को रायपुर माली समाज द्वारा आयोजित एम्बूलेन्स उद्घाटन कार्यक्रम में जैतारण रायपुर जोधपुर से पधारें समाज के नेताओं ने समाज के व्यक्ति को आगामी लोकसभा व विधान सभा में टिकट देने वाली पार्टी का ही समर्थन किया जायेगा। का निर्णय लिया गया। वाली इसके लिए सर्वमान्य नेताओं की तलाश का प्रयास किया जा रहा है। जैतारण क्षेत्र में बद्रीलाल संत, अमरराम भाटी प्रबल दावेदार के रूप में उभर कर सामने आ रहे है।




**ऑल इण्डिया सैनी समाज इस्लामिक सेन्टर दिल्ली में महात्मा फुले की सामूहिक प्रार्थना करते हुए पदाधिकारीगण एवं स्वर्ण मुकुट से सम्मानित चौ. इन्दराजसिंह सैनी मुख्य संरक्षक एवं श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# गोपाल माली बने जिलाध्यक्ष



**भीलवाड़ा।** सामाजिक मासिक पत्रिका फूले विचार वाटिका के संपादक गोपाललाल माली को राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। माली के जिलाध्यक्ष बनने से पत्रकारों के साथ ही माली समाज के अग्रणी संगठनों में भी हर्श की लहर प्याप्त है।

माली को यह उत्तरदायित्व मीडिया एक्शन फोरम के प्रदेशअध्यक्ष अनिल सक्सेना के निर्देशानुसार सौंपा गया है। यह जानकारी मीडिया एक्ान फोरम के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार लोढा ने दी।

**फोटो समाचार :**

उत्तराखण्ड त्रासदी में प्रभावित मानवाता की सहातार्थ जोधपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सोलंकी ने प्राधिकरण परिवार की ओर से आज दो लाख इक्यावन हजार रूपये के चैक मुख्यमंत्री सहायता कोष हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को उनके निवास पर जाकर भेंट किये।



# गीता को आत्मसात कर करेंगे गायों की रक्षाः श्री अशोक गहलोत

आबूरोड़। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि गीता को आत्मसात कर गायों की रक्षा करेंगे। सरकार ने गायों की रक्षा के लिए निदेशालाय बनाया है। मुख्यमंत्री ने यह बात सिरोही जिले की नंदगांव गोशाला में गोवत्स पाठशाला का उद्घाटन समारोह में कही।

गहलोत ने यहां गोसेवा आंदोलन से जुड़े पथमेड़ा धाम के संत दत्तशरणानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गोवंश राजनीति की शुरूआत गोवंश संरक्षण से जुड़ें संतो और गोशलाओं के प्रतिनिधियों के साथ संपर्क बढ़ाकर की गई है। प्रदेशभर की गोशालाओं की गायों के लिए अप्रेल, मई और



जून महीनों के लिए 145 करोड़ रूपये का अनुदान मंजूर किया है। यह अनुदान इसी वर्ष से लागू होगा। गोशालाओं की गायों को सरकार की पशुओं के लिए शुरू की गई मुफ्त दवा योजना में दवाइयां मिलेगी। राज्यभर में गोचर और ओरण की जमीनों से कब्जे हटाने के प्रयास होगें। गोचर की जमीनों पर कई राजनेता भी कब्जे कर लेते है। श्री अशोक गहलोत ने कहा कि पथमेड़ा गोशाला के प्रतिनिधियों ने गो-विश्वविद्यालय खोलने की मांग की है, इस पर सरकार विचार करेगी। समिति प्रतिनिधियों ने अनुदान के फैसले पर श्री अशोक गहलोत की तारीफ की। वृंदावनधाम की मलूक पीठ के संत राजेन्द्रदास महाराज ने कहा कि गयों के लिए काम करने पर श्री अशोक गहलोत को देश के पहले गोभक्त मुख्यमंत्री होने का श्रेय मिला है।

# सेवा,समर्पण का एंव सहयोग का दूसरा नाम माली समाज सर्वोदय सोसायटी - परिहार

**धुंधाड़ा ग्राम में मृतक के परिजनों को सहायतार्थ दिया पचास हजार का चेक**

बालोतरा। समाज सेवा से बढकर कोई सराहनीय कार्य नही है। सेवा का कार्य करने से पीडित व जरूरतमंद लोगो को राहत मिलती है,युवा वर्ग को समाज सेवा के कार्यो में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। सेवा समर्पण एवं सहयोग का प्रतिक माली समाज सर्वोदय सोसायटी बालोतरा के कार्यो की अन्य समाज एवं संगठनों को भी प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए ये बात सोमवार को समदड़ी सरपंच बाबूलाल परिहार ने माली समाज भवन समदड़ी में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में कही।

उन्होने कहा कि सर्वोदय सोसायटी सामाजिक सरोकारों के कार्य में अग्रणी है। सोसायटी की अच्छी सोच व प्रयासो असामयिक सडक दुर्घटना के काल कवलित हुए माली समाज के लोगो के परिजनों को मदद मिलती है। सोसायटी इसके साथ ही शिक्षा के प्रसार-प्रचार के लिए बालोतरा मुख्यालय पर छात्रावास बनाने,समाज के 84खेड़ा की स्मारिका प्रकाशन का भी कार्य कर रहा है।

इस मौके पर गत दिनो धुंधाड़ा निवासी किसनाराम पुत्र भोलाराम सोलंकी की सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को पचास हजार रूपये की राशि का चेक संस्था के पदाधिकारियों



एवं समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर मांगीलाल परिहार, पारसमल टांक, सोसायटी बीमा प्रभारी जितेन्द्र गहलोत, सुरेश कच्छवाह, गिरधारीलाल परिहार, मदनलाल कच्छवाह, केराराम, मोहन सोलंकी, औघडराम, दौलाराम, कालुराम भानावास, हड़मानाराम, जेठाराम, मदन पंवार, पटवारी जितेन्द्र गहलोत सहित माली समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# धूमधाम से मनाई लिखमीदास जी महाराज की जयंति

## 265 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

नागौर। संत शिरोमणी तिखमीदास जी महाराज की 262वीं जयंति सोमवार 22 जुलाई गुरूपुर्णिमा के शुभ अवसर पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नागौर, जोधपुर, खींवसर, कुचेरा समेत कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयंति के पूर्व रविवार को समाज भवन को दूधिया रोशनी से सजाया गया तथा सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। सुंदर पाठ के बाद कलाकारों ने भजन प्रस्तुत करके वाही-वाही लुटी। नवयुवक मण्डल अध्यक्ष श्री दयालराम तंवर ने बताया कि भजन सुनने बड़ी तादाद में लोगों ने भाग लिया। इसी प्रकार सोमवार सुबह सुबह आठ बजे लखिमीदास जी महाराज की आरती आयोजित की गई। भक्तों ने संत का आशीर्वाद लेकर खुशहाली की कामना की। खींवसर में आयोजित कार्यक्रम में नागौर सभापति श्री बिरदीचं सांखला ने कहा कि माली सैनी समाज को आगे लाने के लिए समाज में फैली बुराइयों को मिटाने का आव्हान् किया। संचालन श्री मांगीलाल तंवर ने किया। समारोह की अध्यक्षता जालोर एडीएम श्री चुन्नीलाल सैनी ने की। सैनी ने कहा कि समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए, ताकि युवा आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि अरबन बैंक नागौर के अध्यक्ष श्री कृपाराम सोलंकी व जुगल किशोर सैनी ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उपसरपंच श्री उमाराम तंवर, श्री हरीराम, श्री खुमाराम, लिखिमाराम, गोरधन राम, ऑल इण्डिया माली सैनी समाज सेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री श्री जगदीश कच्छवाहा, उपाध्यक्ष श्री पुखराज सैनी, पूर्व अध्यक्षस श्री बीरमाराम गहलोत सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

**सैनिक क्षत्रिय माली समाज तीनों गांव न्यात नागौर के तत्वावधान** में जिला माली सैनी कर्मचारी विकास संस्थान की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार 22 जुलाई, 2013 को डीडवाना मार्ग स्थित भवन में आयोजित किया गया। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 265 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि सभापति श्री बिरदीचंद सांखला ने कहा कि आज का युग जागृति और चेतना का है जो सिर्फ शिक्षा से प्राप्त हो सकती है। इसलिए युवा पीढ़ी को शिक्षा की ओर अग्रसर होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि माली सैनी कर्मचारी विकास संस्थान के अध्यक्ष श्री कृपाराम गहलोत ने कहा कि शिक्षा संपूर्ण व्यक्तित्व के साथ समाज के उत्थान के लिए जरूरी है। माली समाज के अध्यक्ष श्री कृपाराम देवड़ा, उप प्रधान श्री आईदानराम भाटी ने कहा कि आज का युग प्रतिस्प्रधा का युग है। रिटायर्ड डॉक्टर श्री शंकरलाल परिहार, श्री लखाराम भाटी और बजरंग सांखला, संयोजक श्री आनंद सिंह कच्छवाहा ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पुरूस्कार और अन्य व्यवस्थाएं भामाशाह श्री हरीशचंद्र देवड़ा द्वारा की गई।





# धूमधाम से मनाया रामेश्वर महादेव मंदिर का दसवां पाटोत्सव

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान






बालोतरा। समदडी रोड़ स्थित संत राघवदास आश्रम समस्त माली समाज के रामेश्वर महादेव मंदिर के दसवें पाटोत्सव के तहत 13 जून की रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें ख्याति प्राप्त भजन गायक प्रकाश माली ने गणपति वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद प्रकाश माली ने गुरुवंदना, आज म्हारे गुरुजी आविया, गुरु बिन घोर अंधेरा, सतगुरु आ पांवणा आदि भजनो पर भक्त भाव विभोर होकर झूमने को मजबूर हो गए। भजन संध्या में भजन कलाकार श्याम पालीवाल ने भी सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। शुक्रवार सुबह हवन में चार जोड़े बैठे, मुख्य आहुतियां गोविंद गोराजी द्वारा गाजे-बाजे के साथ मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढाई गई। मुलतानमल मगाराम जसोल द्वारा गजानंद के माला, रामनिवास टाक द्वारा शिव परिवार का माला व बंशीलाल केसराराम पंवार द्वारा हनुमानजी के माला पहनाई गई। रात्रि जागरण में चढावे की बोली मोहनलाल मगजी सुंदेशा परिवार द्वारा और महाप्रसादी की बोली, पुखराज केवलचंद पुत्र सोनाराम, दूदाराम विजयराज पुत्र राणाराम, भंवरलाल, घेवरचंद पुत्र डुंगरराम पंवार पोता खीमाजी बिरमजी बिठूजा वालो ने परिवार द्वारा भोग लगाया गया। इसके साथ बारह मास की बोली बोली गई। प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत मुख्य अतिथि विधायक मदन प्रजापत, सभापति महेश बी. चौहान, उम्मेदसिंह तंवर, श्रीराम गोदारा, ठाकराराम माली ने शिक्षा के क्षेत्र में व सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महामण्डलेश्वर राघवदास महाराज, सोजत से चेतनगिरी महाराज, समदडी से नरसिंगदास महाराज, बिसलपुर से संतोषनाथ महाराज, रत्तानंद महाराज, जियावरदास महाराज, रघुवरदास महाराज, तुलसीदास महाराज आदि ने आर्शीवचन व शिक्षा में जागृत, गौ रक्षा का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में समस्त माली समाज चौरासी पट्टी के गणमान्य लोग, प्रबुद्धजन, शिक्षाविदो ने भाग लिया।

## कुशवाहा समाज के चुनाव संपन्न

माली कुशवाहा समाज की नवर्निवाचित कार्यकारिणी के वर्ष 2013-2015 के चुनाव में श्री सुरेन्द्र कुशवाहा अध्यक्ष चुने गये। इसके साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री उदयशंकर कुशवाहा, उपाध्यक्ष श्री राकेशकुमार कुशवाहा एवं श्रीमती सुनीता, महासचिव पद पर श्री राजेश कुशवाहा, उपमहासचिव पद पर श्री उमेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष पद पर श्री शशीभूषण कुशवंशी, संगठन सचिव पद पर डी. के. सिन्हा, सूचना सचिव के पद पर रामूर्ति मौर्य, सांस्कृतिक सचिव के पद पर श्री रामदुलार कुशवाहा का निर्वाचन किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि संस्था समाज में व्यापत कुरीतियों के निवारण एवं समाजसुधार के साथ ही शिक्षा विशेषकर बालिका शिक्षा एवं प्रतियोगी परिक्षाओं के साथ सरकारी विभागों में समाज के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त हो इसके लिए हर संभव प्रयास करेगी। माली सैनी संदेश परिवार सभी नवर्निवाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करती है।

# श्री सुनील परिहार बनें राजसिको अध्यक्ष समाज में हर्ष की लहर



जयपुर। राज्य सरकार ने बहुप्रतिशित राजनीतिक नियुक्तियों के तहत आज माली समाज के उद्यमी श्री सुनील परिहार को राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसिको) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की।

नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सुनील परिहार ने उद्योग भवन में सोमवार 23 जुलाई, 2013 को उद्योग भवन में कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री राजेन्द्र पारिक, जोधपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता तथा माली समाज के लोग मौजूद थे।

नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सुनील परिहार ने कहा कि उद्यौगिक विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वे उद्यमियें की भावनाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेगे।

## गोपाल लाल माली बने राजपत्रित अधिकारी

उदयपुर। राजस्थान राज्य के उदयपुर जिले में निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर की ओर से जारी किये गये दिनांक 12 जून 2013 के आदेशानुसार विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा अनुसार प्रधानाध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं समकक्ष पद पर वर्ष 2011-12 में चयन किये जाने पर पदोन्नति के फलस्वरुप गोपाल लाल माली पिता श्री रघुनाथ माली निवासी- 55, बापू बाजार, उदयपुर को प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पुरोहितों की मादड़ी, उदयपुर (राज.) में पदस्थापित किया गया है।

यह पदोन्नति राजस्थान शिक्षा सेवा (R.E.S.) में की गयी है जो राजपत्रित अधिकारी की श्रेणी में आती है। इस पदोन्नति के लिए राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोत एवं शिक्षा मंत्री माननीय श्री बृजकिशोर शर्मा का हार्दिक आभार जताया।

माली समाज के लिए यह बहुत ही हर्ष और गौरव का विषय है। मेवाड़ सम्भाग में स्वजाति बन्धुओं में इससे खुशी की लहर फैल गयी है तथा सभीं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

# माली समाज के युवा ललित पूरे देश में 13 वीं रेंक प्राप्त कर रचा इतिहास



पोकरण। ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस (एम्स) की परिक्षा में माली समाज के होनहार छात्र ललित पंवार की पूरे देश में 13वीं रेंक व अन्य पिछड़ा वर्ग में दूसरा स्थान आने पर उसके परिवार की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। परिणाम की सूचना ही उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।

ललित ने बताया कि 10वीं परिक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्रापत करने के बाद उसने एम्स की परिक्षा दी। ललित के पिता श्री आईदान पंवार भणियाणा तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत है तथा मां श्रीमती छोटेश्वरी देवी नगरपालिका चेयरमैन है। ललित के अनुसार प्रतिदिन चौदह घंटे अध्ययन कर यह मुकाम हासिल किया। ललित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों के आशीर्वाद एवं अपने कोचिंग इंस्टीट्यूट के प्राचार्य की प्रेरणा को दिया है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में रेडियोलोजिस्ट बनकर आमजन की सेवा करने की इच्छा जताई है।

उनकी इस सफलता पर समाज के अलावा पोकरण के अनेकों समाजसेवियों, पदाधिकारियों ने ललित को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनको शुभकामनाएं प्रेषित की। माली सैनी संदेश परिवार ललित को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

# समाजसेवी श्री बंशीलाल माली सम्मानित





भीलवाड़ा 19 जून। भीलवाड़ा माली समाज के अध्यक्ष व समाजसेवी बंशीलाल माली और मासिक पत्रिका "फूले विचार वाटिका" के संपादक गोपाललाल माली को उल्लेखनीय समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता एवं कार्य करने के लिए सेवा और विशिष्ट सेवा पदकों से अलकृंत किया गया।

ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज संस्थान द्वारा नई दिल्ली के लोदी रोड़ स्थित इण्डियन इस्लामिक कल्चर सेंटर में 17 जून को आयोजित फेयरवेल एवं अभिनंदन समारोह में भीलवाड़ा के बंशीलाल माली व गोपाललाल माली को ऑल इण्डिया माली सैनी समाज संस्थान के संरक्षक इन्द्रराज सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी और समारोह के मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री एवं विधायक धर्मेन्द्र सैनी ने प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह और साफा बंधवाकर समाजसेवा में सक्रियता और रचनात्मक कार्यो में भागीदारी निभाने पर सम्मान किया गया।

ज्ञातव्य हो कि हॉल ही 2 जून को समाजसेवी बंशीलाल माली द्वारा अपने स्वयं के खर्चे पर भीलवाड़ा शहर में सर्वजाति का विशाल स्तर पर नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 100 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया था। इसी फलस्वरूप माली समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने बंशीलाल माली को व सम्मेलन में भरपूर सहयोग के लिए गोपाललाल माली को सम्मानित किया।

इस अवसर पर माली समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, सूरजमल सैनी, प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सैनी, सत्यनारायण ड़ाबला, देवालाल माली भी उपस्थित थे।

मालियान संपति संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री बंशीलाल माली को माली समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ऑल इण्डिया (सैनी) सेवा समाज में राष्ट्रीय सचिव मनोनित किया। माली के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मनोनीत होने पर माली समाज में हर्ष की लहर व्याप्त हुई तथा समाज के सभी अग्रिम संगठनों ने माली को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर दिल्ली में सभी प्रदेशों के गणमान्य व्यक्ति व समाजसेवी व पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय माली सैनी समाज पुष्कर के अध्यक्ष ऊंकारराम कच्छवाह ने राजस्थान माली समाज की ओर से बंशीलालजी का साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर चौमू विधायक भगवान सहाय सैनी व महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय जागृति संस्थान के अध्यक्ष मांगीलाल पंवार, महात्मा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलालजी सांखला व बनेड़ा विधायक रामलाल चौधरी ने भी उनका हार्दिक अभिनन्दन व आभार व्यक्त किया। उन्हें तथा उनकी धर्मपत्नी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।


## श्री ओमप्रकाश माली संत श्री लिखमाराम फाउण्डेशन के अध्यक्ष मनोनीत

बालोतरा। श्री लिखमेश्वर भवन गांधीपुरा में महामंडलेश्वर राघवदासजी महाराज के सानिध्य में संत श्री लिखमाराम फाउण्डेशन की बैठक आयोजित की गई। ट्रस्ट की बैठक में सदस्यों ने समाज के विकास व ट्रस्ट की आगामी रणनीतियों एवं कार्यो पर विचार - विमर्श कर नई कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर श्री ओमप्रकाश माली को मनानित किया गया।

श्री ओमप्रकाश माली ने अपनी नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर श्री मोहनलाल परिहार, सचिव पद पर श्री प्रेम गहलोत, कोषाध्यक्ष पद पर श्री सुरेश सुंदेशा, सदस्य के रूप में श्री गोविंद चौहान, श्री पुखराज परिहार, श्री महेन्द्र चौहान, श्री माणकचंद चौहान को नियुक्त किया गया।

आयोजित बैठक में समाजसेवी श्री बाबूलाल गहलोत, श्री बाबूलाल चौहान, श्री गणपत, श्री भैराराम, श्री माणचंद पंवार सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शख्सियत ...



# श्री किशनलाल साँखला

## सरकारी सेवा से निवृत समाज सेवा में प्रवृतः

जैतारण (पाली) निवासी श्री किशनलाल साँखला पुज श्री राम सुख साँखला प्रधानाचार्य रा. मा.वि. आगोलाई (जोधपुर ) से राजकीय सेवा से 35 वर्षीय गौरवमयी,अनुकरणीय, उत्कृष्ट एवम समर्पित भाव से सफलता पूर्वक सुखद सेवा पूर्ण कर दिनांक 30 जून 2013 को सेवा निवृत हुए। आपने प्राथमिक से उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा अपनी जन्म भूमि जैतारण से प्राप्त कर स्नातक की शिक्षा (उपाधि) सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर से प्राप्त की तत्पश्चात स्वयंपाठी विद्यार्थी के रूप में हिन्दी तथा संस्कृत में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर जयपुर से शिक्षा शास्त्री B.E.D एवम् हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय से एम.एड. की उपाधि के साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सितम्बर 78 से जुलाई 83 तक स. अध्यापक रा.मा.वि. बगड़ी नगर (पाली), सितम्बर 83 से जुलाई 84 तक व.अ. (अंग्रेजी) रा.मा.वि. चेराई (जोधपुर), अगस्त 84 से अक्टूम्बर 87 तक व. अ. (अंग्रेजी) रा.मा.वि बर (पाली), नवम्बर 87 से जनवरी 90 तक व्याख्याता (संस्कृत) रा.उ. मा.वि.सांचौर (जालौर), जनवरी 90 से जुलाई 07 तक व्याख्याता (संस्कृत) रा.उ.मा.वि.महिला बाग (जोधपुर), जून 10 से मई 10 तक शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी उपनिदेशालय (माध्य.) जोधपुर । 11 मई 13 से 30 जून 13 तक प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. आगोलाई (जोधपुर) सरकारी सेवा में रहते हुए आपने जोधपुर सांचौर (जालौर) फालना, जैतारण (पाली) क्षेत्रों की अनेक सामाजिक संस्थाओं में पदाधिकारी के रूप में जुड़े रहे और आपकी शानदार सेवाओं से समाज लाभान्वित हुआ।

1983 से 93 तक जैतारण से प्रकाशित माली दर्पण त्रैमासिक पत्रिका का 10 वर्ष तक सफल प्रकाशन कर समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध जंग छेड़ी और समाज के लोगों से मृत्यू भोज नहीं करवाने के शपथ पत्र भरवाए जिसका परिणाम आज समाज में प्रत्यक्ष देखने को मिल रहा है तथा जैतारण माली समाज के लोग बारहवां के पहले उस घर का पानी भी नहीं पिते है। समाज में श्रेष्ठ रीति रिवाजों की स्थापना में श्री किशन लाल साँखला की अहम् भूमिका रही।

आपने समाज की अनेक पत्र पत्रिकाओं, निर्देशिकाओं, परिच पुस्किाओं का सफल प्रकाशन किया। महात्मा फुले जागृति (मासिक) माली सैनी संदेश जैसी पत्रिकाओं के परामर्शदाता के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई जो आज भी जारी है।

अपने विचारों के अनुरूप समाज सेवा के निमित एक सेवा संस्थान (मारवाड़ नर नारायण सेवा संस्थान रजि.) की स्थापना अपनी ओर से संस्थान को एक लाख रूपया देकर की ओर संस्थापक सदस्य बनें यह संस्थान सभी वर्गो के निर्धन, असहाय, असहय, अवांछित जनों की निस्वार्थ व समर्पित भाव की सेवा की दृष्टि से गठित की गई जिसका व्यापक जन समर्थन एवम् सहयोग (सभी जाति वर्ग व सम्प्रदाय का) मिल रहा है। संस्थान का पंजीयन (10.2013.14) किया जा चुका है एवम् जैतारण बैंक में (खाता संख्या 611886582890) खुलवाया जा चुका है सेवा की भावना रखने वाले सभी व्यक्ति संस्थान से जुड़ कर अपना सेवा, समर्थन, सहयोग प्रदान कर सकते है।

संस्थान का अन्तिम लक्ष्य एक ही स्थान पर सेवाग्राम स्थापित करना है, जहां पूर्ण स्वाभिमान के साथ में उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएँ प्रधान की जा सके जिससे वे स्वयं को भारतीय नागरिक समझने में गर्व महसूस करें एवम् स्वयं को राष्ट्र की विकास धार से जुड़ा हुआ समझें।

*संस्थान का अन्तिम लक्ष्य एक ही स्थान पर सेवाग्राम स्थापित करना है, जहां पूर्ण स्वाभिमान के साथ में उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएँ प्रधान की जा सके जिससे वे स्वयं को भारतीय नागरिक समझने में गर्व महसूस करें एवं स्वयं को राष्ट्र की विकास धार से जुड़ा हुआ समझें।*

**श्री किशनलाल सांखला के सेवानिवृति पर**
**समाज के अनेक संगठनों एवं संस्थाओं ने उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की**

# पंवार माली समाज चौताला के अध्यक्ष मनोनीत



धुंधाड़ा। माली समाज विकास समिति चौताला( 12 गांव) की नई कार्यकारिणी के हुए चुनावों में समदड़ी के श्री मोहनलाल पंवार को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस कार्यकारिणी में बाड़मेर, पाली, जालोर व जोधपुर सहित चार जिलों के विभिन्न गांवों के समाज के सदस्यों कमे शामिल किया गया है।

माली समाज के पंचों, प्रबुद्धजनों व समाज के गणमान्य लोगों की मोजूदगी में नव मनोनीत सदस्यों ने 21 सदस्यों की नई कार्यकारिणी के चुनावों मे श्री मोहनलाल पंवार को अध्यक्ष, मजल के श्री मांगीलाल सुंदेशा व भलरों का बाड़ा के श्री बाबूलाल गहलोत को उपाध्यक्ष, धुंधाड़ा के श्री हनुमानाराम गहलोत को महासचिव, मिंयों को बाड़ा के श्री केराराम सांखला को कोषाध्यक्ष, समदड़ी के श्री नारायणराम परिहार को उपकोषाध्यक्ष, श्री अशोक टाक(समदड़ी) प्रचार मंत्री, श्री भीमाराम सांखला(कोटड़ी) संगठनमंत्री, श्री हड़मानराम गहलोत(रानीदशीपुरा) सांस्कृतिक मंत्री, श्री बादरमल गहलोत 'अजित' सलाहकार मंत्री, श्री कालूराम गहलोत (भानावास) संयुक्तमंत्री, श्री जेठाराम सोलंकी (करमावास), श्री जेठाराम गहलोत (समदड़ी), श्री दोलाराम परिहार (समदड़ी), श्री मदनलाल परिहार (समदड़ी), श्री मिश्राराम गहलोत (पालोंका बाड़ा), श्री भगाराम कच्छवाहा (धुंधाड़ा), श्री पुखराज सोलंकी (धुंधाड़ा), श्री राजू सांखला (धुंधाड़ा) व श्री मगाराम गहलोत (बरवा) को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। समाज के सभी वर्गो ने अध्यक्ष सहित सभी नवर्निवाचित पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया।

## भीलवाड़ा में प्रसिद्ध विद्वान आचार्य जी सम्मानित

भीलवाड़ा-राजस्थान में 1 व 2 जून 2013 को बंशीलाल माली (रागस्या) द्वारा आयोजित 'विशाल निःशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन' के अवसर पर।

महात्मा फुले सामाजि शिक्षण संस्थान, नई दिल्ली' के तत्वावधान में 'प्रथम राष्ट्रीय सैनी-माली सम्पादक, पत्रकार, प्रतिनिधि,मीडियाकर्मी सम्मेलन' का आयोजन। राजीव गांधी ऑडिटोरियम' के विशाल सभागार में किया गया।

इसमें राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के सैनी-माली समाचार पत्रों के सम्पादकों, पत्रकारों, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। इन सभी को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम शेखावाटी से पधारे प्रसिद्ध संस्कृतज्ञ, वेदो के मर्मज्ञ विद्वान, कवि एवं पत्रकार आचार्य राम गोपाल सैनी को भी बैज लगाकर, साफा पहनाकर, माला पहनाकर तथा साहित्य, मोमेण्टो भेंट करकर सम्मानित किया गया। अ.भा. सैनी-माली सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवपाल सैनी-दिल्ली, महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला फालना-पाली तथा राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी ने सम्मानित किया।

मंत्र के आचार्य जी ने देशभर के पत्रकारों को ओजस्वी उद्बोधन किया।

## शाबास सचिन शाबास 'सीमा- शाबास

जैतारण (पाली) स्थानीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय के छात्र सचिन तँवर पुत्र श्री श्यामलाल तंवर ने इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10 तें 89.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाली जिला मेरिट में 10 व स्थान प्राप्त किया तथा राजस्थान मेरिट में 51 वाँ स्थान प्राप्त कर माली समाज का नाम रोशन किया तथा समाज की प्रतिष्ठा बढ़ाई। सचिन भविष्य में इन्जीनियर बनकर समाज व देश की सेवा करना चाहता है। इसी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए छात्र सचिन तँवर ने अपना आगे का अध्ययन जारी रखते हुए कोटो में एडमिशन लेकर IIT की तैयारी कर रहा है। सचिन की तरह इसकी बड़ी बहिन सीमा तँवर पुत्री श्री श्यामलाल तँवर भी हमेशा प्रतिभा शाली रही है और इस वर्ष कक्षा 12 विज्ञान वर्ग (गणित) में 77.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्थानीय राज.बा.उ.मा.वि.में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा वर्तमान में

# बालोतरा नगर पालिका ने स्टेडियम का नाम महात्मा ज्योति बा फूले किया




बालोतरा । जसोल फांटा पर नगरपरिषद की ओर से निर्माणाधीन स्टेडियम के नामकरण का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुआ। आयुक्त नंदलाल व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में स्टेडियम का नाम गरीबों व असहायों के हितैषी रहे व उनकी सेवा में तत्पर रहने वाले महापुरुष महात्मा ज्योति बा फूले के नाम पर रखा गया।

इस दौरान विधायक मदन प्रजापत, सभापति महेश बी चौहान, प्रतिपक्ष नेता रतन खत्री, माजीवाला सरपंच कुंपाराम पंवार, पार्षद रोहित सोलंकी, रामचंद्र, अमरा राम, जीतमल सहित परिषद के कर्मचारी मौजूद थे।

# सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह में 380 छात्र-छात्राएं सम्मानित

सैनी प्रतिभा सम्मान समिति द्वारा आयोजित सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर 380 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्वहास्य टीवी कलाकार दीपक सैनी ने विशेष प्रस्तूति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिंह सैनी एवं संचालन आशीष सैनी, पंकज सैनी व के. पी. सिंह ने किया। केदारनाथ में आई आपदा में मारे गये लोगों के प्रति मौन रखकर शोक भी व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इण्डिया सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सैनी ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का उद्देश्य नई पीढ़ी का मनोबल बढ़ाना है जिससे आने वाली पीढ़ी आगे बढ़कर देश एवं समाज की सेवा कर सके। एक मजबूत व शिक्षित समाज ही देश को नई दिशा दे सकता है। डा0 संगीता सैनी ने कहा कि हमें महापुरुषों के आदर्श पर चलकर आने वाले समय की नींव रखकर बढ़ना चाहिए। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज में आदर्श प्रस्तुत करता है। महिलाओं की शिक्षा एक मजबूत नींव का काम करती है जो उत्कृष्ट सामाजिक स्थिती को दर्शाती है। सनरेन के डायरेक्टर सुभाष सैनी ने व्यावसायिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि तकनीक एवं व्यावसाय दोनो को मिलाकर आज के युग में आगे बढ़ा जा सकता है। व्यावसाय में जितना ज्यादा जोखिम हो उतना ही लाभ लिया जा सकता है और जोखिम उठाने का ज्ञान अनुभव एवं तकनीकी शिक्षा द्वारा ही संभव है। आल इण्डिया सैनी सभा के उत्तराखण्ड प्रदेश महासचिव कर्म सिंह सैनी ने उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित करने पर सैनी प्रतिभा सम्मान समिति, सैनी युवा चेतना मंच को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम को रमेश सैनी संयुक्त निदेशक सुचना तकनीकी, डा0 विनोद सैनी चिकित्सा अधीक्षक ई. एस. आई. साहिबाबाद, योगेन्द्र सैनी संयुक्त गन्ना आयुक्त, प्रो0 रोशनलाल सैनी आई.आई.टी. रुडकी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर रुडकी नगर निगम पार्षद सुबोध सैनी, झबरेड़ा सभासद रामकुमार सैनी, जेल विजीटर जितेन्द्र सैनी, राजेश सैनी एवं बार संघ रुड़की के अध्यक्ष शिवकुमार सैनी का अभिनन्दन किया गया। सौ सिंह सैनी द्वारा रचित 'काव्यांजलि' का विमोचन







किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्म सिंह सैनी, जितेन्द्र सैनी, आदेश सैनी, पंकज सैनी, आशीष सैनी, राजकुमार सैनी, महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह सैनी, डा0 रामसुभग सैनी, युद्ववीर सिंह, प्रीतम सिंह सैनी, सुभाष सैनी, संजय सैनी, प्रीतम सिंह सैनी, सुन्दरपाल सैनी, शिशिर सैनी, पवन सैनी, यशपाल सिंह, किसलय सैनी, अशोक सैनी उपस्थित रहे।

# कॉमनवेल्थ में पदक विजेता अनुदान राशि को तरसा

**युवा मामले व खेल विभांग ने की थी दो लाख के आर्थिक सहायता की घोषणा**



**आदेश के छह माह बाद भी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने नहीं किया भुगतान**

लंदन कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2011 में चार रजत पदक जीतकर सूर्यनगरी ही नहीं रजस्थान व देशभर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाने वाला पावर लिफ्टर मनोहरसिंह सांखला आर्थिक सहायता के लिए तरस गया है। राज्य के युवा मामले एवं खेल विभाग ने इस शानदार प्रदर्शन के दो लाख रूपए को आर्थिक सहायता देने के लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव के खाते में राशि जमा करवाने की स्वीकृति प्रदान की थी। विभाग ने तीन माह ने भीतर इस राशि का भुगतान मनोहरसिंह को कर उपयोगिता प्रमाण पत्र राज्य सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन छह महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी क्रीड़ा परिषद् अनुदान राशि पर कुण्डली मारे बैठा है। ऐसे में पावर लिफ्टर बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने को विवश है।

जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में हैड कांस्टेबल मनोहरसिंह सांखला पावर लिफ्टर है। उसने 15 से 18 दिसम्बर 2011 तक लंदन में आयोजित कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2011 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। 93 किलो भार वर्ग में सांखला ने ओवरऑल में रजत पदक सहित कुल चार रजत पदक हासिल कर देश व राज्य का नाम रोशन किया था।

**एक वर्ष बाद घोषणा, वो भी पूरी नहीं**

सांखला के इस शानदार प्रदर्शन की युवा मामले व खेल विभाग ने एक वर्ष बाद सुध ली। विभाग के शासन उप सचिव ने 4 जनवरी 2013 को सांखला को दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। विभाग ने इसके लिए क्रीड़ा परिषद् के सचिव को लिखे पत्र में स्वीकृति भी प्रदान की। राज्यपाल से स्वीकृति मिलने के बाद उप शासन सचिव ने परिषद् के सचिव के पीडी खाते में राशि के हस्तांतरण के छह माह बीतने के बाद भी सांखला को राशि नहीं मिल पाई है। परिषद् के कर्मचारी विभागीय स्वीकृति का बहाना बनाकर चक्कर लगावा रहे हैं।

**पुलिस मुख्यालय भी कर चुका है अनदेखी**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांखला के ऐतिहासिक प्रदर्शनकी अनदेखी न सिर्फ राज्य सरकार ने की, बल्कि पुलिस मुख्यालय ने भी कोई तवज्जो नहीं दी। तत्कालीन डीसीपी दीपक कुमार ने पुलिस मुख्यालय को सांखला को पदोन्नति देने के लिए पत्रावली भेजी थी, लेकिन डीजीपी ने इस खेल की पुलिस के खेलों की सूची में नहीं होने का कारण बताकर पत्रावली लौटा दी थी।

मनोहर सांखला का कहना है कि वे चार रजत पदक जीतने के बाद राज्य सरकार ने उन्हें दो लाख रूपए देने क घोषणा की थी, लेकिन छह महीने बाद भी राशि नही मिल पाई हैं। पांच-छह बार जयपुर में क्रीड़ा परिषद् कार्यालय के चक्कर लगा चुका हूं, लेकिन हर बार जल्द ही भुगतान करने का आश्वासन भर मिलता है।




## श्री नरेश गहलोत बनें कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**जेएनवीयू कर्मचारियों के हित में कार्य करुंगा- गहलोत**

जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय कर्मवारी संघ के हाल ही में चुनावों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नरेश गहलोत ने बुधवार 18 जुलाई, 2013 को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि वे कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। गहलोत अपनी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के साथ केन्द्रीय कार्यालय में गए। उन्होंने सभी कर्मचारियों का आभार जताया तथा उन्हें आश्वश्त किया कि जेएनवीयू कर्मचारी से जुड़ी हर समस्या के निदान के लिए कर्मचारी संघ संकल्पबद्ध है।

इस मौके पर कर्मचारियों ने पदोन्नति, वेतन विसंगतियां, ऐरियर भुगतान व संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांगे बताई। गहलोत ने कहा कि कर्मचारियों ने जिस विश्वास से उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, वे उनका विश्वास कायम रखेंगे। उनके साथ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। कर्मचारियों ने सभी का मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# विविध समाचार

**सत्यनारायण सांखला बने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के निजी सचिव**

अजमेर/ श्री सत्यनारायण सांखला पदोन्नत होकर अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, के निजी सचिव बन गये हैं। अजमेर निवासी श्री सांखला इससे पूर्व निजी सहायक सचिव थे।

**आर ए एस चुन्नीलाल सैनी का तबादला**

जयपुर/ राज्य सरकार ने श्री चुन्नीलाल सैनी आर ए एस का तबादला कर दिया है। अब ये उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, पाली होंगे।

**प्रो.एम.आर.सैनी बनेंगे कुलपति**

नवघोषित महस्य विश्वविद्यालय अलवर का प्रथम कुलपति प्रो.एम. आर.सैनी सैनी बनें। राज्य सरकार ने इनका नाम राजभवन को स्वीकृति हेतु भेजा है। राजभवन से स्वीकृति मिलते ही औपचरिक आदेश जारी किया जायेगा।

**भाजपा पुर्वा मोर्चा में सैनी पदाधिकारी**

जयपुर/ भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। उसमें ये सैनी पदाधिकारी बनाये गये हैं। महामंत्री- भूपेन्द्र सिंह सैनी-दौसा। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी-प्रकाश माली। कार्यकारिणी सदस्य- सुरेश कुशवाह। विशेष आमंत्रित सदस्य- विक्रम सिंह

**आर.डी.सैनी बने आर.पी.एस.सी के सदस्य**

राज्य सरकार ने राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर के निदेशक डा. आर.डी. सैनी को आर पी.एस.सी अजमेर का सदस्य नियुक्त किया है। कुल 3 नये सदस्य गये हैं। मनोनित किये गये हैं।

**गंगाबक्ष सैनी चुने गये अध्यक्ष**

सीकर। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान, सीकर के अध्यक्ष पद के लिए 2 जून 2013 को हुए निर्वाचन में श्री राम बक्ष सैनी अध्यक्ष चुने गये हैं। पूर्व अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश सैनी ने माला पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया।

निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार खड़े हुए थे। इनमें श्री गंगाबक्ष मिटावां को 218 तथा श्री नारायणलाल सिंगोदिया को 49 मत प्राप्त हुए। श्री गंगाबक्ष 139 मतों के अन्तर से जीते।श्री गंगाबक्ष सैनी राजस्थान सरकार द्वारा ''राजस्थान बीज निगम' के डायरेक्टर भी मनोनीत हैं।

**१०८ वर्षीय पार्वती देवी सैनी का निधन**

लक्ष्मणगढ़ (सीकर)। स्थानीय रोडवेज बस स्टेण्ड पर स्थित जनता रेस्टोरेण्ट के प्रो. श्री बृजिमोहन सिंगोदिया एवं श्री जगदीश प्रसाद सिंगोदिया की माताजी एवं श्री विनोद कुमार सिंगोदिया अध्यक्ष सैनी समाज संस्था लक्ष्मणगढ़ की दादीजी श्रीमती पार्वतीदेवी सैनी का देहांत 108 वर्षो की दीर्घायु में 11 जून 2013 मंगलवार को हो गया है। पार्वतीदेवी के समय में इनकी पाँच पीढ़ियाँ मौजूद थी। इनके पौत्र भी दादा बन गये हैं। पार्वतीदेवी की सबसे बड़ी बेटी फतेहपुर गढ़वाल परिवार में 90 वर्ष की है जिसके पौत्र और प्रपौत्र हैं।

**चन्द्रकान्ता सैनी आई.आई.टी खड़गपुर में**

सीकर में श्री भंवरलाल सिंगोदिया की पुत्री चन्द्रकान्ता सैनी बी टेक का प्रवेश एम टेक कम्प्यूटर साइंस में आई आई टी खड़गपुर में हुआ है। खड़गपुर बंगाल में हैं।

## बंशीलाल माली का कमाल

**आचार्य राम गोपाल सैनी**



बंशीलालली ने बजाई बंशी ऐसी।
बंशीधर ने द्वापर में, बजाई भी जैसी।।
देशभर के कोनों में, तान इसकी गूँजी।
श्रेष्ठ कार्य में लगाई, पसीने की पूँजी।।
गोपाल-बंशी की, जुगलबंदी ऐसी।
तान छेड़ी ऐसी, तानसेन जैसी।।
भीलवाड़ा नगरी, गुंजित भी सारी।
चारों दिशाओं से, भीड़ उमड़ी भारी।।
हाथी घोड़े रथ बैण्ड, यात्रा गजब थी।
दुल्हे-दुल्हनियों की, शोभा गजब थी।।
सामूहिक विवाह का, विशाल इंतजाम था।
गरीबों की बरबादी, रोकने का काम था।
सर्वजाति सद्भाव, यहाँ था कमाल का।
हजारों कार्यकर्ताओं की, मेहनत का सवाल था।।
माली जाति में, पहला ऐसा काम था।
भव्य खान-पान, आलीशान ताम-झाम था।।
बंशी ने खोल दिया, थेली का द्वार था।
शताधिक जोड़ो का, किया उद्धार था।।
पिता रामनाथ जी का, किया नाम रोशन।
माली समाज में, बना नया 'मोशन'।।
धन्य वह सपूत, किया जिसने बड़ा दान है।
पत्रकारों को भी उसने, दिया 'पहला मान' है।।
राष्ट्रीय नेता कई, मंत्र पर आये।
फुल गुरूकुल की, योजना बताये।।
सामाजिक शिक्षण संस्थान, रूपरेखा आई।
शंकरराव लिंगे का तप, दिया है दिखाई।।
गोपाल लाल का, संयोजन कमाल था।
सामाजिक लीडरों का, खूब ही धमाल था।।
बहुत ही विशाल था, सामाजिक जलसा।
देख इसको तन-मन खुशियों से हुलसा।।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचन्द्र सोलंकी पुत्र श्री गोविन्दराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश गेहलोत पुत्र स्व. श्री बलदेवसिंहजी जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्रीबाबूलाल टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्री बंशीलाल मारोठिया पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल गेहलोत पुत्र श्री दयाराम जोधपुर
श्री सोहनलाल देवड़ा पुत्र श्री हापुराम देवड़ा मथानियां
श्री अमृतलाल परिहार पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार (उपाध्यक्ष नगर पालिका) बालोतरा
श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत बालोतरा
श्री लक्ष्मीचन्द सुंदेशा पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा बालोतरा
श्री वासुदेव गहलोत पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत बालोतरा
श्री महेश बी. चौहान पुत्र श्री भगवानदास चौहान बालोतरा
श्री हेमाराम माली पुत्र श्री रूपाराम पंवार बालोतरा
श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरिराम पंवार बालोतरा
श्री छगनलाल गहलोत पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत बालोतरा
श्री सोनाराम सुंदेशा पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम सुंदेशा पुत्र श्री पूनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्र कुमार पंवार पुत्र श्री अणदाराम पंवार बालोतरा
श्री शंकरलाल (पार्षद) पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार बालोतरा
श्री घेवरचंद पंवार पुत्र श्री भोमजी पंवार बालोतरा
श्री रामकरण माली पुत्र श्री किसनाराम माली बालोतरा
श्री रतन परिहार पुत्र श्री देवजी परिहार बालोतरा
श्री कैलाश काबली (अध्यक्ष माली समाज) पाली
श्री घीसाराम देवड़ा (मंडल महामंत्री भाजपा) भोपालगढ़
श्री शेषाराम श्यामलाल टाक पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल माली (सरपंच महिलावास) सिवाणा
श्री रमेश कुमार सांखला सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाह, लवेरा बावड़ी
संत हजारीलाल गहलोत जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार डीसा
श्री हितेश भाई मोहन भाई पंवार डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी डीसा
श्री मगनलाल गीगा जी पंवार डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा डीसा
श्री नवीनचन्द दलाजी गहलोत डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाह डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा डीसा

श्री सुखदेव वक्ता जी गहलोत डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी डीसा
श्री किशोर कुमा सांखला डीसा
श्री बाबुलाल गीगाजी टाक डीसा
श्री देवचन्द रगाजी कच्छवाह डीसा
श्री सतीश कुमार लक्ष्मीचन्द सांखला डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाह डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाह डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी डीसा
श्री अशोक कुमार पुनमाजी सुंदेशा डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार सोढ़ो की ढाणी
श्री सम्पतसिंह पुत्र श्री बींजारामजी गहलोत जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत जोधपुर
श्री जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छवाह जोधपुर
श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री रावतमल सैनी सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी सर्वोदय सोसायटी जोधपुर
श्री जयनारायण गहलोत चौपासनी चारणान मथानियां
श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी गेंवा जोधपुर
श्री रामेश्वरलाल (सुशील कुमार) गहलोत जोधपुर
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी चौखा
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कम्पनी भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भगवती खाद बीज भण्डार भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार राजस्थान फार्मेसिया जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेंट सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी सोजतरोड़
श्री राम अकेला पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा देवड़ा मोटर्स जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला सांखला सिमेंट जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र स्व. श्री बींजाराम गहलोत जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी भीनमाल
श्री सांवरराम परमार भीनमाल
श्री भारताराम परमार भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल

श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार भीनमाल
श्री डी.डी.भाटी पुत्र श्री भंवरलाल भाटी जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार सूरसागर जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत गहलोत सूरसागर जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी आदमपुरा
श्री अशोक सांखला पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला जोधपुर
श्री नटवरलाल माली जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत जोधपुर
श्री अमित पंवार जोधपुर
श्री राकेश कुमार सांखला जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार बालोतरा
श्री अरविन्द सोलंकी जोधपुर
श्री सुनिल गहलोत जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार जोधपुर
श्री मनीष गहलोत जोधपुर
श्री योगेश भाटी अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा बिलाड़ा
श्री प्रकाशचन्द सांखला ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी जोधपुर
श्री महावीरसिंह भाटी जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा जोधपुर
श्री अशोक टाक जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत सालावास जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा मध्यप्रदेश
**श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर**


# माली सैनी संदेश


## ही क्यों ?



























### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई.
सहित पांच हजार पाठकों
का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक
गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी
जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे
देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग
मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स
के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# सुमेरपुर में आयोजित माली महापंचायत की झलकियां















RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# चौदहवी पुण्यतिथि



# स्व. मिस्त्री श्री छतरसिंह जी देवड़ा

हमारे पूज्य श्री छतरसिंह जी देवड़ा आज ही के दिन
अपनी भौतिक काया का त्यागकर ब्रह्मलीन हुए थे।
उनके आदर्श हमारे लिये प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे।

**श्रद्धावनत :**

विमलादेवी ( पत्नी ), करणसिंह, हरिसिंह ( भाई )
प्रदीपसिंह-संगीता, पृथ्वीसिंह-साधना, विजयसिंह-रेखा,
नरेश-अनमोल ( पुत्र-पुत्रवधु ), निकिता-विपिनजी ( पौत्री-पौत्री जंवाई )
पारूल, अंकित, कीर्ति, नन्दीश्वर,
मुस्कान, गुंजन, गुनगुन, चित्रांगी ( पौत्र, पौत्रियां )
प्रणव ( पड़दोहिता ) एवं समस्त देवड़ा परिवार,
रेल्वे स्टेशन रोड़ मण्ड़ोर व पावटा बी रोड़, जोधपुर

फर्म : - **देवड़ा मोटर्स**
( मारूति ऑथोराइज्ड सर्विस स्टेशन )
अण्डरब्रिज के पास, पावटा सी रोड़, जोधपुर
फोन : 0291-2550707 ( ऑफिस )

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR